अमर उजाला 22/03/2024

व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के गुर बताए

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जनसंचार विभाग, पंजाबी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फ्रॉम शाय टू शाइन व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर कलाश्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल एवं अशोक लहरी ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में उनके व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के लिए आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है । आज के समय में अच्छे व्यक्तित्व का होना बेहद जरूरी है । कामयाबी की राह में आपकी व्यक्तित्व अहम भूमिका निभाता है। संवाद